सम.-11014/7/2019-समन्वय

भारत सरकार

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय

(समन्वय प्रभाग)

****

तृतीय तल, कौशल भवन,
न्यू मोती बाग, नई दिल्ली-110023
दिनांक: 19 फ़रवरी, 2024

## कार्यालय ज्ञापन

विषय: एसडीई मंत्रालय से संबंधित मंत्रिमंडल के लिए मासिक सारांश

अधोहस्ताक्षरी को दिसंबर, 2023 माह के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सारांश हिंदी और अंग्रेजी में सूचना के लिए अग्रेषित करने का निदेश दिया गया है।

संलग्न: **यथोक्त**

19/2/24

(अखिलेश कुमार राय)
अवर सचिव (समन्वय)

सेवा में:

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:**

मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001

दिसंबर, 2023 माह के दौरान इस मंत्रालय की कुछ प्रमुख उपलब्धियां/पहल इस प्रकार हैं:

1. एनएसडीसी और एआईसीटीई ने वित्तीय सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए युवा स्नातकों को तैयार करने और माननीय केंद्रीय शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान की गरिमामय उपस्थिति में बैंकिंग, वित्त और बीमा में एक प्रमाण-पत्र कार्यक्रम शुरू करने के लिए 12 दिसंबर 2023 को बजाज फिनसर्व के साथ दो समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर अपना वक्तव्य रखते हुए माननीय मंत्री जी ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ये भागीदारियां वित्तीय क्षेत्र में बड़े पैमाने पर दक्षताओं का निर्माण करेंगी और हमारे युवाओं को वित्तीय और डिजिटल क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन में भाग लेने के लिए सशक्त बनाएंगी और इस बात पर बल दिया कि देश का युवा ज्ञान, दक्षता, कौशल और सही दृष्टिकोण से संचालित विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

2. मंत्रालय ने 15 दिसंबर 2023 को भारत मंडपम में आयोजित प्रधान मंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जन-मन) कार्यक्रम के कार्यान्वयन पर केंद्र और राज्य सरकारों, प्रमुख संस्थाओं आदि के प्रमुख विशेषज्ञों को आमंत्रित करके मंथन शिविर में एक क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया।

3. **प्रधान मंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (पीएमएनएएम)** : राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि वे राज्य के कुल जिलों के 1/3 भाग में प्रत्येक दूसरे सोमवार को पीएमएनएएम आयोजित करें ताकि सभी जिलों को तीन माह में एक बार और वर्ष में चार बार कवर किया जा सके। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को स्थानीय परिस्थितियों/त्योहारों आदि के आधार पर जिला/स्थान और मेला का दिन चुनने की छूट दी गई है। तदनुसार, नवंबर महीने के लिए, पीएमएनएएम का आयोजन दिनांक 11.12.2023 को किया गया था। इसके साथ ही जून 2022 से देश के 3,395 स्थानों पर पीएमएनएएम का आयोजन किया जा चुका है। संचयी रूप से, उम्मीदवारों की संख्या 4.50 लाख तक पहुंच गई है और पीएमएनएएम में भाग लेने वाले प्रतिष्ठानों की संख्या 26,195 है। पीएमएनएएम प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिए एक एडवोकेसी मंच के रूप में भी कार्य करता है। प्रत्येक माह पीएमएनएएम के बाद, आगामी 20 दिनों के लिए शिक्षुता अनुबंधों को ट्रैक किया गया और 6.52 लाख शिक्षुता अनुबंध सृजित पाए गए, जिसमें पीएमएनएएम के अलावा सृजित अनुबंध भी शामिल हो सकते हैं।

ii. **शिक्षुता प्रशिक्षण की स्थिति**: वर्तमान वित्तीय-वर्ष 2023-24 के दौरान सम्बद्ध शिक्षुओं की संख्या 31 दिसंबर 2023 तक 6,71,274 है। 30 नवंबर 2023 तक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षुओं की कुल संख्या 7.29 लाख है। 31 दिसंबर 2023 तक शिक्षुओं को नियुक्त करने वाले प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 43,627 है।
4. बैठक और कार्यशाला :

i. वास्तविक और वित्तीय निष्पादन, प्रकोष्ठ प्रभावकारिता, आजीविका का विश्लेषण करने के लिए, स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने, ऋण और शिल्पकार कार्ड की सुविधा प्रदान करने, और लाभार्थियों को पीएम विश्वकर्मा, ओडीओपी, कौशल हब पहल जैसी भारत सरकार की स्कीमों से जोड़ने के लिए कौशल भवन, नई दिल्ली के सम्मेलन

कक्ष में 6 से 8 दिसंबर 2023 तक सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में जन शिक्षण संस्थानों (जेएसएस) के निदेशकों के साथ एक प्रत्यक्ष समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी, जिसके बाद 20 दिसंबर, 2023 को एक समीक्षा बैठक होगी।

ii. स्ट्राइव की राष्ट्रीय संचालन समिति की 7वीं बैठक 19 दिसंबर 2023, नई दिल्ली में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में पेपरवर्क को बनाए रखने और सफलता की कहानियों सहित श्रेष्ठ पद्धतियों की तैयारी के द्वारा स्ट्राइव परियोजना के निर्बाध समापन के संबंध में आईटीआई और उद्योग समूहों में साक्षात्कार आयोजित करके बुलाई गई थी।

iii. 13 उच्च निष्पादन वाले राज्यों में से गुजरात, दिल्ली और हरियाणा के लिए पहली समूह बैठक 22 दिसंबर 2023 को सचिव, एमएसडीई की अध्यक्षता में एक केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षुता भागीदारी को बढ़ाने के लिए आयोजित की गई थी। जिसमें, इस बात पर चर्चा की गई कि राज्यों को एएए और नोडल आईटीआई के प्रधानाचार्यों के माध्यम से उद्योगों और उम्मीदवारों/छात्रों के समूह के बीच शिक्षुता प्रशिक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए संरचित और सतत पहल सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने में समूहों की सहायता करनी चाहिए।

iv. पीएमकेवीवाई 4.0 की विशेष परियोजना श्रेणी के तहत प्रस्तावों पर विचार करने के लिए प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना 4.0 (पीएमकेवीवाई 4.0) के लिए कार्यकारी समिति (ईसी) की 5वीं और 6वीं बैठक कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में क्रमशः 14 दिसंबर 2023 और 27 दिसंबर, 2023 को आयोजित की गई थी।

5. एमएसडीई के अंतर्गत भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में उदयमशिलटा जागरूकता कार्यक्रम, उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम, मेंटरिंग तथा हैंडहोल्डिंग करते रहे हैं जिनमें उद्यमशीलता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) और उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) के तहत क्रमशः 29,500 प्रशिक्षुओं और 14,000 प्रशिक्षुओं को 16,55,51,456 रुपए की अनुमानित लागत पर प्रशिक्षित किया गया।

6. एमएसडीई के अंतर्गत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) के तहत लगभग 3.6 लाख प्रशिक्षुओं के लिए पूरक परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की। प्रवेश वर्ष 2018 से 2022 तक के प्रशिक्षुओं ने अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षाओं में भाग लिया। इसका परिणाम भी संसाधित किया गया है और दिनांक 30.12.2023 को एनसीवीटी एमआईएस पोर्टल पर घोषित किया गया है।

7. **अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षा (एआईटीटी) 116**: एआईटीटी जो पहले अर्धवार्षिक मोड में आयोजित किया जाता था, उसे त्रैमासिक मोड में स्थानांतरित कर दिया गया है। एआईटीटी 116 दिनांक 28-12-2023 और 29-12-2023 को कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के साथ आयोजित किया गया है।

४. उपर्युक्त पहलों के अलावा, सभी प्रदेयों के त्वरित निपटान में अत्यधिक तत्परता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अनेक आंतरिक उपायों के माध्यम से कार्य निष्पादन को युक्तिसंगत बनाने की चल रही प्रक्रिया जारी रही।

*****